## महत्वपूर्ण एवं खास

### छत्तीसगढ़ में कार्यरत झारखण्ड एवं महाराष्ट्र के मतदाताओं को मतदान के लिए 13 एवं 20 नवम्बर को मिलेगा सवैतनिक अवकाश

**रायगढ़।** निर्वाचन आयोग द्वारा झारखण्ड एवं महाराष्ट्र राज्य के विधानसभा निर्वाचन-2024 हेतु मतदान दिनांक 13 एवं 20 नवम्बर 2024 को नियत है। उक्त पड़ोसी राज्य के बहुत से मतदाता जो छत्तीसगढ़ में निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों/ दुकानों, औद्योगिक उपक्रम या कारोबार/व्यवसाय में नियोजित है, ऐसे नियोजित/कार्यरत संबंधितों को भी उनके गृह राज्य के मतदान दिवस के दिन सवैतनिक अवकाश किया गया है। अत: कारखाना अधिनियम 1948 तथा दुकान एवं स्थापना अधिनियम 1958 के अंतर्गत मतदान दिवस मतदान दिनांक 13 एवं 20 नवम्बर 2024 को छत्तीसगढ़ में निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों/दुकानों, औद्योगिक उपक्रम या कारोबार/व्यवसाय में झारखण्ड एवं महाराष्ट्र के नियोजित श्रमिकों को उनके गृह राज्य के मतदान दिवस के दिन सवैतनिक अवकाश दिया जाना है।

### समितियों में मिलेगी माइक्रो एटीएम की सुविधा, किसान समितियों से ही निकाल सकेंगे धान खरीदी का पैसा

**रायगढ़।** धान खरीदी वर्ष 2024-25 में कृषकों को उनके धान विक्रय पश्चात समिति में ही भुगतान प्राप्त करने हेतु जिले में संचालित 69 आ.जा./प्रा.सेवा सहकारी समितियों में छ.ग.राज्य सहकारी बैंक मर्यादित (अपेक्स बैंक) के माध्यम से माइक्रो एटीएम सुविधा उपलब्ध कराई गई है। माइक्रो एटीएम के माध्यम से कार्यालयीन दिवसों एवं समय में कृषकों द्वारा छ.ग. राज्य सहकारी बैंक द्वारा प्रदाय रूपे एटीएम कार्ड के माध्यम से प्रतिदिन 10 हजार रूपये तक की राशि आहरण एवं जमा की जा सकेगी। लेन-देन पश्चात एजेंट समिति द्वारा अपने ग्राहकों को सिस्टम जनरेटेड स्लीप भी प्रदाय करेगी। कृषक अपने रूपे एटीएम कार्ड के माध्यम से बैंक शाखा के अलावा अपनी समितियों में भी राशि आहरण/जमा हेतु इस सुविधा का लाभ ले सकते है। समितियों द्वारा यह सुविधा पूर्णत: नि:शुल्क प्रदाय की जाएगी। एजेंट समिति से प्रतिदिन अधिकतम भुगतान सीमा राशि 2 लाख रूपये निर्धारित की गयी है।

### रेडक्रॉस सोसाइटी के सदस्यों की बैठक सारंगढ़ में आज

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू की अध्यक्षता में भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी की सारंगढ़ बिलाईगढ़ के जिला शाखा के प्रबंध समिति के गठन हेतु सामान्य सभा 12 नवंबर को खेलभांठा मैदान के पास स्थित कार्यालय परियोजना निदेशक नवीन जिला पंचायत भवन के प्रथम तल में सुबह 11 बजे आयोजित किया जाएगा। इस बैठक में भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के सभी संरक्षक सदस्यगण, वाइस संरक्षक सदस्यगण और सभी आजीवन सदस्यगणों को आमंत्रित किया गया है।

### दो ट्रकों के बीच जोरदार भिड़ंत

**कोंडागांव-रायपुर (आरएनएस)।** जिले के एनएच 30 पर सिंगनपुर के पास भीषण सडक़ हादसा हो गया. हाईवे पर 2 ट्रकों के बीच भीषण टक्कर हो गई. दोनों ट्रकों की भिड़ंत इतनी खतरनाक थी कि दोनों ट्रकों के सामने के हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए. सूचना मिलने पर केशकाल पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और ट्रक में बुरी तरह घायल स्थिति में फंसे ड्राईवर को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया और तत्काल अस्पताल भेजा गया. वहीं दूसरा ट्रक ड्राईवर सुरक्षित बताया जा रहा है।

## करैत के डसने से मरणासन्न मासूम को मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में मिला नया जीवन

# सांप के जहर से शरीर हो रहा था लकवाग्रस्त, 42 घंटे तक नहीं था होश, 3 दिन तक वेंटीलेटर पर रखा गया, एक हफ्ते तक विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में चला गहन इलाज

- परिजनों ने कहा मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में मिले इलाज से बच्चे की मुस्कुराहट लौट आई
- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में पूरी प्रतिबद्धता से उपलब्ध कराई जा रही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं




**रायगढ़**

तीन तस्वीरों से समझा जा सकता है कि बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार के प्रयास कैसे लोगों के जीवन में संजीवनी का काम कर रहे हैं। यह तस्वीर 3 साल के मासूम मानविक की है। जिसे जहरीले करैत सांप ने डस लिया था। मरणासन्न हालत में उसे मेडिकल कॉलेज रायगढ़ में इलाज के लिए जब भर्ती कराया गया तो सांप का जहर पूरे शरीर में फैल चुका था उसकी स्थिति काफी गंभीर हो चुकी थी। शरीर में लकवे का असर दिख रहा था और सांस लेने में भी तकलीफ हो रही थी। शुरुआती 40 से 42 घंटे तक वह पूरी तरह से होश में नहीं आया था और उसे वेंटीलेटर में रखना पड़ा था। मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल रायगढ़ के डॉक्टरों ने एक हफ्ते तक गहन इलाज कर उसकी जान बचाई और नया जीवनदान दिया। करैत भारत में पाए जाने वाले सर्वाधिक जहरीले सांपों में से एक है। इसका जहर न्यूरोटॉक्सिक होता है। जिससे नर्वस सिस्टम पर असर पड़ता है। सही समय पर इलाज न मिले तो जान बचने की गुंजाइश कम होती है। ऐसे में एक छोटे मासूम बच्चे की रायगढ़ मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में मिले उचित इलाज से जान बचाई जा सकी।

रायगढ़ के खरसिया ब्लॉक के औरदा गांव के निवासी तुलेश्वर चौहान के 3 साल के बेटे मानविक चौहान को सोते समय घर में सुबह पांच बजे के करीब जहरीले करैत सांप ने दाहिने हाथ की उंगली में काट लिया। परिजन बच्चे को सिविल अस्पताल खरसिया लेकर गए। वहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार कर बच्चे को बेहतर ईलाज के लिए संत बाबा गुरु घासीदास जी स्मृति शा.चिकित्सालय रायगढ़ रेफर कर दिया गया। बच्चे को सुबह लगभग 8 बजे के आसपास संत बाबा गुरु घासीदास जी स्मृति शा. चिकित्सालय रायगढ़ के आपातकालीन विभाग में अत्यंत गंभीर स्थिति में भर्ती कराया गया। बच्चे के शरीर में सॉप का जहर फैल चुका था, बच्चे की आँखों की दोनों पलकों में लकवा मार चुका था, सांस लेने में तकलीफ हो रही थी, मुँह से झाग आ रहा था, बच्चे के हाथ-पैर ठंडे पड़ गए थे एवं नाड़ी भी कमजोर हो रही थी। बच्चे को आपातकालीन विभाग में ही बाल्य एवं शिशुरोग विभाग के आपातकालीन ड्यूटी में उपस्थित डाक्टरों द्वारा त्वरित ईलाज प्रारंभ कर बच्चे को श्वास की नली डालकर कृत्रिम ऑक्सीजन की मशीन (वेंटीलेटर)में डाला गया तत्पश्चात बच्चे को चिकित्सकों की आपातकालीन टीम द्वारा बच्चे के आई.सी.यू.वार्ड में शिफ्ट किया गया। बच्चे के ईलाज के दौरान एंटी स्नैक वेनम, आइनोट्रोप उपयुक्त एंटीबायोटिक एवं वेंटीलेटर में रखा गया था।

गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉ.एल.के.सोनी, विभागाध्यक्ष बाल्य एवं शिशुरोग, डॉ.गौरव क्लॉडियस (असिस्टेंट प्रोफेसर),डॉ.अंशुल विक्रम श्रीवास्तव (एस.आर.), डॉ.दुष्यंत कुमार सिदार (जे.आर), डॉ. मेघा पटेल (जे.आर), डॉ.लीना पैंकरा (जे.आर), डॉ.आशीष मोटवानी (जे.आर) एवं डॉ.शालिनी मिंज (जे.आर) एवं स्टॉफ नर्सो की विशेष निगरानी में रखा गया जहां डॉक्टर एवं स्टॉफ नर्सो की अथक प्रयासों से बच्चे के स्वास्थ्य में सुधार आना शुरू हुआ। बच्चे के शरीर में सांप के जहर का असर कम होने के उपरांत बच्चे को 3 दिवस पश्चात वेंटीलेटर से बाहर निकाला गया। वेंटीलेटर से बाहर निकलने के पश्चात् बच्चे के स्वास्थ्य में तेजी से सुधार हुआ। एक हफ्ते तक चले गहन इलाज से बच्चे के स्वास्थ्य में पूर्ण सुधार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दिया गया।

परिजनों ने कहा मेडिकल कॉलेज के इलाज से लौटी बच्चे की मुस्कुराहट

किसी भी माता-पिता के लिए अपने बच्चे को जिंदगी और मौत से लड़ते देखना बहुत हृदयविदारक होता है। नन्हा मानविक अपने माता पिता की इकलौती संतान है। करैत के डसने से उसकी हालत इतनी खराब हो चुकी थी कि शुरुआती 40 से 42 घंटे तक वह पूरी तरह से होश में नहीं था। लेकिन मेडिकल कॉलेज में स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की टीम के साथ सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध होने से उसका बेहतर इलाज संभव हुआ। पिता तुलेश्वर चौहान कहते हैं कि डॉक्टरों के प्रयासों से उसके बच्चे की मुस्कान वापस लौट आई।

## चक्रधरनगर पुलिस की तत्परता से बची एक जान, पेड़ पर चढ़े व्यक्ति को डॉयल 112 स्टाफ ने सुरक्षित उतारा

**रायगढ़**



चक्रधरनगर थाने के डायल 112 को एक आत्महत्या प्रयास की सूचना (इंवेट) मिली, जिसमें बताया गया कि ग्राम गोपालपुर में एक व्यक्ति फांसी लगाने की कोशिश में पेड़ पर चढ़ा हुआ है। सूचना मिलते ही डायल 112 के आरक्षक शैलेंद्र पैंकरा और वाहन चालक विशाल आवड़े तुरंत गोपालपुर मिडिल स्कूल के पास पहुंचे, जहां बरगद के पेड़ पर गांव का 56 वर्षीय हरिशंकर सिदार चढ़ा हुआ मिला।

स्थानीय सरपंच ने पुलिस को जानकारी दी कि हरिशंकर का पत्नी और बच्चों से पारिवारिक विवाद चल रहा है, जिसके चलते उसकी पत्नी घर छोड़कर चली गई है। इस विवाद के बाद हरिशंकर आज सुबह रस्सी लेकर पेड़ पर फांसी लगाने की मंशा से चढ़ गया और किसी के रोकने पर गाली-गलौच करने लगा। स्थिति को देखते हुए आरक्षक शैलेंद्र ने थाना प्रभारी निरीक्षक प्रशांत राव को सूचित किया। थाना प्रभारी के निर्देश पर सीढ़ी और बस की व्यवस्था की गई, जिससे हरिशंकर को समझाइश देकर सुरक्षित नीचे उतारा जा सका।

इस अभियान में ग्रामीणों की सहायता से हरिशंकर को शांत किया गया और पुलिस उसे थाने लेकर आई, जहां उचित समझाइश के बाद उसे परिवार के साथ घर भेज दिया गया। इस पूरी घटना में आरक्षक शैलेंद्र पैंकरा और ईआरवी वाहन चालक विशाल आवड़े की सक्रिय भूमिका रही, जिन्होंने सूझबूझ से हरिशंकर की जान बचाई।

## अवैध शराब के खिलाफ कोतरारोड़ पुलिस की सख्त कार्यवाई रेड कार्यवाई में अवैध शराब के साथ महिला समेत 05 गिरफ्तार

**रायगढ़**



कोतरारोड थाना क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री पर प्रभावी कार्रवाई के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी आकाश मरकाम के मार्गदर्शन पर कोतरारोड थाना प्रभारी निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी ने आज सुबह थाने की विशेष टीम गठित की। पुलिस टीम ने ग्राम खैरपुर, छिंदटिकरा, धनागर, कुर्मापाली, गोदामडिपा और कलमी गांव में शराब रेड अभियान चलाया।टीम ने पुलिस बल और स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से संदेहियों के घरों में दबिश दी और अवैध शराब के साथ पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया।

अलग-अलग गांवों में की गई कार्रवाई में पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से महुआ शराब और देसी प्लेन शराब बरामद की। पुलिस ने आरोपी धीरज कुमार सारथी निवासी धनागर से 07 लीटर महुआ शराब, लक्ष्मी प्रसाद सतनामी निवासी कलमी से 10 पाव देसी प्लेन शराब, महिला आरोपी फूल बाई सारथी से डेढ़ लीटर महुआ शराब, रामचरण चौहान से 2 लीटर महुआ शराब और भगत लोहार से 01 लीटर महुआ शराब जब्त की। आरोपियों से कुल 14 लीटर अवैध शराब की जप्ती की गई है, जिन पर धारा 34(1), धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस ने आरोपियों को कड़ी चेतावनी दी है कि भविष्य में शराब बेचने की कोशिश की गई, तो उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस रेड में निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी के साथ प्रधान आरक्षक प्रेम सिदार, शंकर कालो, बाबूलाल पटेल और आरक्षक चंद्रेश पांडे, प्रवीण काठे, अखिलेश कुशवाहा, विकास कुजूर, टिकेश्वर यादव, शिवा प्रधान, महिला आरक्षक प्रमिला महंत, श्यामा सिदार के साथ थाना जूटमिल एवं साइबर सेल स्टाफ शामिल थे।

**गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम और विवरण इस प्रकार हैं:** 1. लक्ष्मी प्रसाद सतनामी, पिता घासी राम सतनामी, उम्र 36 वर्ष, निवासी कलमी, थाना कोतरारोड, जिला रायगढ़ 2. भगत राम लोहार, पिता जय सिंह लोहार, उम्र 56 वर्ष, निवासी खैरपुर, थाना कोतरारोड़ 3. रामचरण चौहान, पिता भूखा चौहान, उम्र 68 वर्ष, निवासी कौंवाताल, थाना कोतरारोड़ 4. धीरज कुमार सारथी, पिता उत्तम प्रसाद सारथी, उम्र 22 वर्ष, निवासी धनागर, थाना कोतरारोड़

5. फूलबाई, पति कालूराम सारथी, उम्र 48 वर्ष, निवासी धनागर, थाना कोतरारोड़

## पूंजीपथरा पुलिस की बड़ी कार्यवाई: 35 टन सरिया हेराफेरी का पर्दाफाश, आरोपी ट्रक चालक और व्यापारी गिरफ्तार, चोरी का पूरा माल बरामद

**रायगढ़**



थाना पूंजीपथरा पुलिस ने 35 टन सरिया की हेराफेरी के मामले में त्वरित कार्रवाई कर आरोपी ट्रक चालक और एक स्थानीय व्यापारी को गिरफ्तार करते हुए लगभग 19 लाख रुपये मूल्य का चोरी हुआ माल बरामद कर लिया है। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई में पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक विकास सिंह और व्यापारी दिनदयाल गुप्ता उर्फ बटू को मध्य प्रदेश के शहडोल में दबिश देकर पकड़ा, व्यापारी ने चोरी किए गए सरिया का बड़ा हिस्सा अपने गोदाम में खरीद लिया था।

घटना की जानकारी के अनुसार, 7 नवंबर को रिपोर्टकर्ता दीपक बंसल (उम्र 27 वर्ष) निवासी सेक्टर 14 हिसार (हरियाणा) वर्तमान रायपुर सिक्नेचर होम ने थाना पूंजीपथरा में आवेदन देकर शिकायत की कि 16 अक्टूबर 2024 को रायगढ़ इस्पात एवं पावर प्रालि देलारी से हरियाणा के हिसार स्थित शुभम एसोसिएट के लिए 35.1 टन सरिया, जिसकी कीमत लगभग 18.96 लाख रुपये है, को ट्रांसपोर्टर M.P. छत्तीसगढ़ ट्रांसपोर्ट के जरिए भेजा गया था। सरिया लोड कर ट्रक क्रमांक CG04 PP-5256 में ट्रक चालक विकास सिंह को हरियाणा के लिए रवाना किया गया, परन्तु 6 नवंबर तक गंतव्य स्थान पर सामान नहीं पहुंचने पर शिकायतकर्ता ने ट्रक चालक और ट्रांसपोर्टर से संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। इस पर थाना पूंजीपथरा में 35.1 टन सरिया की चोरी का मामला अप.क्र. 247/2024 धारा 316(3) बीएनएस के तहत दर्ज किया गया।

पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में निरीक्षक राकेश मिश्रा की टीम को कार्रवाई के निर्देश दिए गए और एएसआई जयराम सिदार के नेतृत्व में पुलिस टीम को शहडोल भेजा गया। 8 नवंबर को पुलिस टीम ने ट्रक चालक विकास सिंह को हिरासत में लिया, जिसने पूछताछ के दौरान बताया कि उसने शहडोल जिले के ब्यौहारी में व्यापारी दिनदयाल गुप्ता उर्फ बटू के गोदाम में 15 टन सरिया अनलोड कर दिया था। पुलिस ने विकास सिंह और व्यापारी दिनदयाल गुप्ता के मेमोरेंडम पर कुल 35.1 टन सरिया जब्त कर लिया, जिसकी कीमत लगभग 18.96 लाख रुपये है।

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन तथा एडिशनल एसपी आकाश मरकाम, डीएसपी अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन पर मिली सफलता में थाना प्रभारी राकेश मिश्रा, एएसआई जयराम सिदार, प्रधान आरक्षक लोमेश राजपूत, आरक्षक ओम प्रकाश तिवारी और साइबर सेल के आरक्षक विकास प्रधान ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुलिस टीम ने तेजी से काम करते हुए पूरे मामले में शत-प्रतिशत बरामदगी सुनिश्चित की और खयानत की धाराओं के तहत आरोपी (1) दिनदयाल गुप्ता उर्फ बटू पिता मोतीलाल गुप्ता उम्र 37 वर्ष सा० ब्यौहारी, सुखातरीया, अस्पताल रोड थाना ब्यौहारी, जिला शहडोल, म.प्र. (2) विकाश सिंह पिता धीरेश सिंह उम्र 31 वर्ष सा० अमीलकी थाना गोविंदगढ़, जिला रीवा म०प्र० को कल विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

## उपचुनाव के ठीक पहले कार से बरामद किये गये 27 लाख रुपए नगद

**रायपुर। आरएनएस**



दक्षिण उपचुनाव की सुरक्षा चेकिंग के दौरान 27 लाख रुपए की नगदी बरामद की गई है। आरोपी कार चालक बिना किसी वैध दस्तावेज के बैग में नगदी लेकर जा रहा था। पुरानी बस्ती थाना पुलिस और एसएसटी टीम ने यह बड़ी रकम पकड़ी, और मामला अब आयकर विभाग को सौंप दिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार राजधानी के पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के भाटागांव क्षेत्र में उपचुनाव को लेकर विशेष चेकिंग प्वाइंट स्थापित किया गया था। कार्यपालिक मजिस्ट्रेट राजकुमार सिंह परस्ते की मौजूदगी में चेकिंग के दौरान एक कार क्रमांक सीजी 08 एआर 8800 को रोका गया तथा उसकी तलाशी ली गई। तलाशी में कार से एक काले रंग के बैग में 27 लाख 10 हजार रुपए नगद पाए गए। कार सवार से इस रकम के वैध दस्तावेज की मांग की गई, तो कार सवार ने किसी भी प्रकार का प्रमाण प्रस्तुत करने में असमर्थता जताई। जिसके बाद पुलिस की टीम ने आचार संहिता के तहत नगदी रकम को जब्त कर लिया और आगे की जांच के लिए आयकर विभाग को सौंप दिया गया।

## सारंगढ़ के कॉलेज पहुंचे लोकसभा सदस्य राधेश्याम राठिया और कमलेश जांगड़े

- शासकीय पंडित लोचन प्रसाद पांडेय महाविद्यालय सारंगढ़ की ओर से की गई मांग

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**



रायगढ़ लोकसभा सासंद राधेश्याम राठिया और जांजगीर चांपा लोकसभा सांसद कमलेश जांगड़े ने विशेष आग्रह को स्वीकार कर शासकीय पंडित लोचन प्रसाद पांडेय महाविद्यालय सारंगढ़ का अवलोकन किया। इस दौरान कॉलेज की ओर से लोकसभा सदस्यों सहित सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। इसके साथ ही कॉलेज के व्यवस्था और प्रगति रिपोर्ट के संबंध में जानकारी के साथ विभिन्न विषयों एवं अतिरिक्त कक्ष के निर्माण की मांग की गई। सांसद जांगड़े ने इस अवसर पर कहा कि जिस तरह से कॉलेज ने स्वागत बड़ी जोर-शोर से किया वहीं कॉलेज की मांग भी जोर-शोर से किया है।

सांसद राठिया ने कहा कि सारंगढ़ के शासकीय कॉलेज की पहचान एक अच्छे कॉलेज के रूप में होगी। कॉलेज की सभी मांगों को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के समक्ष स्वीकृत करने के लिए आग्रह करूंगा और इस वर्ष के सांसद मद की राशि को कार्यों के लिए अनुमोदन किया जा चुका है। भावी भविष्य में सांसद मद की राशि से कॉलेज के मांग अनुरूप कार्य किया जाएगा। लोकसभा सदस्यों ने सभी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य और देवउठनी एकादशी की शुभकामनाएं दी। लोकसभा सदस्यों सहित अतिथियों ने एनसीसी और एनएसएस के कैडेटों के साथ भेंटकर उनके सेवा का हौसला आफजाई किया। इस अवसर पर सत्ताधारी दल के प्रतिनिधि अजय गोपाल, भुवन मिश्रा, ज्योति पटेल, सतीश शर्मा, अरूण गुडडू, देवेन्द्र रात्रे, चन्द्रिका, नंदिनी वर्मा सहित बड़ी संख्या में कॉलेज के प्रोफेसर, विद्यार्थी और पत्रकारगण उपस्थित थे।

## सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले की दिशा समिति की बैठक में शामिल हुए लोकसभा सदस्य राधेश्याम राठिया और कमलेश जांगड़े : बैठक में हुई जिले के विकास कार्यों की समीक्षा

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**




रायगढ़ लोकसभा सासंद राधेश्याम राठिया की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी (दिशा) समिति की बैठक सारंगढ़ के कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। इस अवसर पर बैठक की सह अध्यक्ष जांजगीर चांपा लोकसभा सांसद कमलेश जांगड़े भी उपस्थित थीं। कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने सभी विभागों की समीक्षा में विभागीय अधिकारियों के साथ क्रियान्वयन और प्रगति रिपोर्ट पर विस्तार से जानकारी देने के लिए उसके भावी रूपरेखा को लोकसभा सदस्यों के समक्ष रखा। सांसद राठिया ने बैठक में आबकारी अधिकारी को बिलाईगढ़ क्षेत्र में आ रही अवैध शराब के संबंध में कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर ने नगरीय निकायों को सफाई में विशेष ध्यान के लिए कहा, वहीं लक्ष्य के अनुरूप सभी योजनाओं का क्रियान्वयन त्वरित रूप से करने के निर्देश सभी अधिकारियों को दिए।

समीक्षा बैठक की शुरूआत कृषि विभाग से किया गया, जिसमें किसानों को पीएम फसल बीमा योजना, आत्मा योजना, पीएम कृषि सिंचाई योजना के बारे में उप संचालक आशुतोष श्रीवास्तव के द्वारा दिया गया। इसी प्रकार पशुधन अंतर्गत डेयरी, गर्भधारण, पशु इलाज, लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी अंतर्गत जल जीवन मिशन योजना, सामूहिक जल प्रदाय योजना, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पूरक पोषण आहार, पीएम मातृ वंदन योजना, महतारी वंदन योजना, बेटी बचाओ, मिशन वात्सल्य, स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत कुष्ठरोग, आयुष्मान, सिकलसेल, राजस्व विभाग अंतर्गत स्वामित्व योजना, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, पीएम आवास ग्रामीण, बिहान, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत जिले में सड़कों की स्थिति, सर्वे, मरम्मत, आदिवासी विकास विभाग अंतर्गत आदिवासी क्षेत्र में और सामान्य क्षेत्र में सड़क निर्माण, समाज कल्याण विभाग अंतर्गत सभी प्रकार के पेंशन और दिव्यांग मेडिकल कैंप, खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग अंतर्गत पीएम रोजगार सृजन कार्यक्रम, खाद्य विभाग अंतर्गत पीएम उज्ज्वला योजना, राशनकार्ड में नाम विलोपन के पेंडिंग प्रकरण, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग अंतर्गत भारत नेट-1 और भारत नेट-2, कॉमन सर्विस सेंटर, नगरीय निकाय में सफाई और पीएम आवास शहरी तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के योजनाओं और भौतिक रिपोर्ट की और आगामी दिनों में क्रियान्वयन की रूपरेखा की जानकारी दी गई। बैठक में जनपद पंचायत सारंगढ़ की अध्यक्ष मंजू मालाकार, जनपद एवं नगर पंचायतों के अध्यक्ष सहित जिले के अधिकारीगण उपस्थित थे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480